# P.G. ENTRANCE EXAMINATION, APRIL 2022

## HINDI LANGUAGE AND LITERATURE

## FUNCTIONAL HINDI AND TRANSLATION

Time : Two Hours Maximum : 100 Marks

I. निम्नलिखित बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1 निम्न लिखित में से कौन-सा नाटक मोहन राकेश का नहीं है ?

(A) लहरों के राजहंस (B) आधे अधूरे

(C) आषाढ़ का एक दिन (D) माधवी

2 'तमस' उपन्यास के रचयिता कौन हैं ?

(A) यशपाल (B) जैनेंद्र कुमार

(C) भीष्म साहनी (D) कमलेश्वर

3 महादेवी वर्मा को किस रचना केलिए ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ ?

(A) नीरजा (B) यामा

(C) सांध्यगीत (D) नीहार

4 'साकेत' किसकी रचना है ?

(A) मैथिली शरण गुप्त (B) माखनलाल चतुर्वेदी

(C) हरिवंश राय बचन (D) जयशंकर प्रसाद

5 'सिलिया' किस विधा की रचना है ?

(A) आत्मकथा (B) रेखाचित्र

(C) कविता (D) कहानी

6 Circular का हिंदी समानार्थक शब्द कौन-सा है ?

(A) विज्ञप्ति (B) आदेश

(C) परिपत्र (D) अधिसूचना

7 'अंधेर नगरी' किसकी रचना है ?

(A) मीराकान्त (B) भारतेंदु हरिश्चन्द्र

(C) महावीर प्रसाद द्विवेदी (D) मोहन राकेश

8 तालव्य व्यजंन चुनकर लिखिए :

(A) च (B) प

(C) त (D) ह

9 जयशंकर प्रसाद का प्रथम ऐतिहासिक नाटक कौन-सा है ?

(A) चन्द्रगुप्त (B) स्कन्दगुप्त

(C) अजातशत्रु (D) राज्यश्री

10 हिंदी गद्य के प्रतिष्ठापक कौन है ?

(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (B) नंददुलारे बाजपेयी

(C) महावीर प्रसाद द्विवेदी (D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

11 पश्चिमी हिंदी का विकास किस अपभ्रंश से हुआ ?

(A) व्राजड (B) अर्ध मागधी

(C) शौरसेनी (D) मागधी

12 'ध्रुवस्वामिनी' किसकी रचना है ?

(A) जयशंकर प्रसाद (B) धर्मवीर भारती

(C) प्रेमचन्द (D) माथूर

13 आधुनिक देवनागरी लिपि का प्राचीन रूप है :

(A) पाली (B) देवप्रिय

(C) खरोष्ठी (D) ब्राह्मी

14 'बस्स बहुत हो चूका' ! किसकी कविता है ?

(A) निर्मला पुतुल (B) राजेश जोशी

(C) ओम प्रकाश वाल्मीकी (D) चन्द्रकांत देवतले

15 'श्रृंखला की कड़ियाँ' किसकी विधा की रचना है ?

(A) रेखाचित्र (B) निबंध

(C) नाटक (D) आत्मकथा

16 'हिंदी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास' किसने लिखा ?

(A) डॉ. रामकुमार वर्मा (B) श्यामसुन्दर दास

(C) डॉ. धीरेन्द्र वर्मा (D) डॉ. नगेन्द्र

17 हिंदी का पहला महाकाव्य कौन-सा है ?

(A) बसंत विलास (B) दोहाकोश

(C) कीर्तिलता (D) पृथ्वीराज रासो

18 ''तन चितउर मन राउर कीन्हा ।

हिय सिंहल बुधि पदमिनी चिन्हा'' ।।

ये किसकी पक्तियाँ हैं ?

(A) शेख नबी (B) उसमान

(C) जायसी (D) मंझन

19 'साकेत' में कितने सर्ग है ?

(A) 10. (B) 12.

(C) 14. (D) 16.

20 'हंस' किसके द्वारा संपादित पत्रिका है ?

(A) प्रेमचन्द (B) प्रसाद

(C) भारतेंदु (D) निराला

21 जयशंकर प्रसाद का महाकाव्य कौन-सा है ?

(A) आँसू (B) लहर

(C) झरना (D) कामायनी

22 ''परमात्मा की छाया आत्मा में और आत्मा की छाया परमात्मा में पड़ने लगती है । यही छायावाद है'' । यह परिभाषा किस आलोचक का है ?

(A) राम चन्द्राशुक्ल (B) डॉ. नगेन्द्र

(C) रामकुमार वर्मा (D) जयशंकर प्रसाद

23 भारतेंदु के कितने नाटक मौलिक माने जाते हैं ?

(A) 8. (B) 9.

(C) 7. (D) 6.

24 'परिंदे' किसकी कहानी है ?

(A) निर्मल वर्मा (B) भीष्म साहनी

(C) कमलेश्वर (D) राजेन्द्र यादव

25 निम्नलिखित में से निराला की रचना कौन-सी नहीं है ?

(A) बादल राग (B) जागो फिर एक बार

(C) तोडती पत्थर (D) नौका विहार

26 तुलसीदास के गुरु कौन हैं ?

(A) राघवानंद (B) रामानंद

(C) नरहरिदास (D) वल्लभाचार्य

27 किसने कबीर की भाषा को 'सधुक्कडी भाषा' कहा है ?

(A) गणपतिचन्द्र गुप्त (B) रामचन्द्र शुक्ल

(C) नगेन्द्र (D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

28 'बीसलदेव रासो' किसकी रचना है ?

(A) नरपति नाल्ह (B) दलपत विजय

(C) चंदवरदाई (D) नल्लसिंह

29 आदिकाल को किसने; बीजवपन काल' कहा ?

(A) राहुल सांकृत्यायन (B) मिश्रबंधु

(C) रामकुमार वर्मा (D) महावीर प्रसाद द्विवेदी

30 धूमिल का असली नाम क्या है ?

(A) हृदयेश (B) काका हाथरसी

(C) सुधामा पाण्डेय (D) वैद्यनाथ मिश्र

31 सही वाक्य कौन-सा है ?

(A) पिताजी ने बाज़ार से सब्जी लाये ।

(B) पिताजी ने बाज़ार से सब्जी लाया ।

(C) पिताजी बाज़ार से सब्जी लाये ।

(D) पिताजी ने बाज़ार से सब्जी लायी ।

32 नदी पहाड़ से निकलती है ।-इस वाक्य में किस कर्क का प्रयोग हुआ है ?

(A) अपादान कारक (B) सप्रदान कारक

(C) करण कारक (D) कर्मकारक

33 प्रेमचंद की अंतिम कहानी कौन-सी है ?

(A) बड़े भाई साहब (B) पूस की रात

(C) ठाकुर का कुआ (D) कफन

34 Order का हिंदी पर्यायवाची शब्द चुनकर लिखिए :

(A) अद्यादेश (B) अनुदेश

(C) आदेश (D) अन्त्यादेश

35 भारत में प्रगतिशिल लेखक संघ की स्थापना कब हुई ?

(A) 1966. (B) 1936.

(C) 1946. (D) 1956.

36 निम्न में से तारसप्तक के कवि कौन नहीं है

(A) नीलेश रघुवंशी (B) अज्ञेय

(C) मुक्तिबोध (D) प्रभाकर माचवे

37 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' किसकी कविता है ?

(A) अरुण कमल (B) कात्यायनी

(C) अनामिका (D) राजेश जोशी

38 'हानुश' किसका नाटक है ?

(A) मोहन राकेश (B) मीराकांत

(C) भीष्म साहनी (D) प्रसाद

39 'प्रोमोशन' किस विमर्श में आनेवाली रचना है ?

(A) किन्नर विमर्श (B) स्त्री विमर्श

(C) दलित विमर्श (D) पारिस्थितिकी विमर्श

40 'स्मृति की रेखाएँ' किस विधा की रचना है ?

(A) रेखाचित्र (B) एकांकी

(C) कविता (D) निबंध

41 'दु:ख की छाया पड़ी हृदय में,
झट उमड़ वेदना आई' ।—यह किसकी पंक्तियाँ है ?

(A) प्रसाद (B) निराला

(C) पंत (D) महादेवी वर्मा

42 'पिता' किसकी कहानी है ?

(A) उदयप्रकाश (B) काशीनाथ सिंह

(C) ज्ञानरंजन (D) जैनेद्र कुमार

43 'चित्रा मुदुगल का उपन्यास कौन-सा है ?

(A) कलिकथा वाया बाईपास (B) एक जमीन अपनी

(C) कटगुलाब (D) एक ब्रेक के बाद

44 किसने सर्वप्रथम रस को ब्रह्मानंद सहोदर माना ?

(A) भट्टनायक (B) शंकुक

(C) भामह (D) भट्ट लोलट

45 ''रीतिरात्मा काव्यस्य'' किसकी उक्ति है ?

(A) अभिनव गुप्त (B) आचार्य विश्वनाथ

(C) मम्मट (D) वामन

46 अभिव्यंजनावाद का प्रवर्तक कौन है ?

(A) अरस्तू (B) प्लेटो

(C) क्रोचे (D) लोंजाइनस

47 सचेतन कहानी का प्रवर्तक कौन है ?

(A) अज्ञेय (B) महीप सिंह

(C) गंगा प्रसाद विमल (D) जगदीश चतुर्वेदी

48 संविधान के कुल कितने अनुच्छेदों राजभाषा निति संबंधी प्रावधान है ?

(A) 9. (B) 8.

(C) 7. (D) 6.

49 दलित उपन्यास चुनकर लिखिए :

(A) तमस (B) गोदान

(C) झूठा सच (D) मुक्ति पर्व

50 राजभाषा आयोग के प्रथम अध्यक्ष कौन थे ?

(A) गोविंद वल्लभ पंत (B) गिरिराज किशोर

(C) बाल गंगाधर खरे (D) बालमुकुंद गुप्त

(50 × 1 = 50 marks)

II. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1 'कबीर का रहस्यवाद' पर लेख लिखिए ।

2 प्रगतिवादी काव्य की प्रवृत्तियों पर पकाश डालिए ।

3 हिंदी नाटक के उद्भव और विकास का सामान्य परिचय दीजिए ।

4 समकालीन हिंदी कहानी की विशेषताओं पर विचार कीजिए ।

(2 × 15 = 30 marks)

III. किन्हीं **चार** पर टिप्पणियाँ लिखिए :

1 'संत साहित्य ।

2 हिंदी नाटक के क्षेत्र में प्रसाद का स्थान ।

3 मोहन राकेश की कहानियाँ ।

4 रामचरित मानस की लोकप्रियता ।

5 अर्थ परिवर्तन की दिशाएँ ।

6 सूफी काव्य परंपरा ।

7 सूरदास का वात्सल्य वर्णन ।

8 महाकाव्य के लक्षण ।

(4 × 5 = 20 marks)